देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 5 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...सिंधिया की बगावत



# पेज थ्री

देहरादून, शुक्रवार, 27 मार्च 2020



मौसम अधिकतम 21.0⁰ न्यूनतम 14.0⁰

29735.05

2 विश्व स्वास्थ्य संगठन पर बरसे ट्रंप
7 सिंधु ने दिए 10 लाख रुपये दान

## संक्षिप्त समाचार

### पहली बार इस सरकार ने सही कदम उठाया है: राहुल गांधी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम के बाद कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार की तारीफ की है। 21 दिनों के लॉकडाउन के दौरान देश के गरीबों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार की आरे से वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा की से राहुल गांधी काफी खुश हैं। उन्होंने कहा है कि पहली बार इस सरकार ने सही कदम उठाया है। राहुल गांधी ने ट्वीट कर कहा, सरकार की ओर से वित्तीय सहायता पैकेज की, सही दिशा में पहला कदम है। भारत पर किसानों, दिहाड़ी मजदूरों, श्रमिकों, महिलाओं तथा बुजुर्गों का कर्ज है, जो इस लॉकडाउन में परेशानी का सामना कर रहे हैं।

### नीतीश कुमार ने 100 करोड़ के राहत पैकेज का किया एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बिहार। कोरोना वायरस को लेकर देश में लॉकडाउन है। लॉकडाउन से निपटने के लिए बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने 100 करोड़ रुपये के राहत पैकेज की घोषणा की है। बीते दिन नीतीश कुमार ने राशनकार्ड धारकों के खाते में एक–एक हजार रुपये राशि डालने का एलान किया था। बिहार सरकार ने सीएम रिलीफ फंड से 100 करोड़ रुपये जारी किए हैं। कोरोना वायरस से निपटने के लिए बिहार सरकार ने मुख्यमंत्री राहत कोष में 100 करोड़ की राशि जारी की है।

### ओडिशा पीड़ितों के लिए बनाएगा 1000 बेड का अस्पताल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** भुवनेश्वर। कोरोना वायरस से लड़ाई के लिए केंद्र सरकार के साथ–साथ राज्य सरकारें भी मजबूती से खड़ी हैं। इसी क्रम में ओडिशा सरकार ने अब 1000 बेड का अस्पताल बनाने का फैसला किया है। यह अस्पताल पूरी तरह से कोरोना वायरस के मरीजों के लिए डेडिकेटेड रहेगा।

# कोरोना पर सरकार का महा–पैकेज

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1.7 लाख करोड़ के स्पेशल पैकेज का ऐलान

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को मुख्य रूप से दो हिस्सों में बांटा गया है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से पस्त इकॉनमी को राहत देने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1.70 लाख करोड़ के स्पेशल पैकेज का ऐलान किया। उन्होंने इसके साथ ही कहा कि गरीबों के लिए खाने का प्रबंध किया जाएगा। इसके अलावा डीबीटी के जरिए अकाउंट में पैसे ट्रांसफर भी किए जाएंगे। सरकार ने जो बड़ा ऐलान किया है, उसमें 3 महीनों तक एम्प्लॉयी और एम्प्लॉयर दोनों के हिस्से का योगदान सरकार करेगी। यह वहां लागू होगा जहां 100 से कम कर्मचारी हैं और 90 फीसदी 15 हजार से कम वेतन पाते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि जो लोग कोरोना की लड़ाई में साथ दे रहे हैं उनके लिए 50 लाख का इंश्योरेंस कवर सरकार देगी। इनमें आशा वर्कर्स और डॉक्टर आशा वर्कर, नर्स और अन्य मेडिकल स्टॉफ शामिल हैं। इससे 20 लाख मेडिकल कर्मचारियों को इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना को मुख्य रूप से दो हिस्सों में बांटा गया है। पहला–प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 80 करोड़ गरीब लोगों को कवर किया जाएगा। इस योजना के तहत अगले तीन महीने तक पांच किलो चावल/गेहूं मुफ्त में दिया जाएगा। इसके अलावा एक किलो दाल हर परिवार को मुफ्त में मिलेगा।



### योजना के तहत आठ कैटिगरीज में मिलेगा लाभ

योजना के तहत आठ कैटिगरीज में किसान, मनरेगा, गरीब विधवा–पेंशनर्स–दिव्यांग, जनधन योजना–उज्ज्वला स्कीम, सेल्फ हेल्प ग्रुप (वुमन), ऑर्गनाइज्ड सेक्टर वर्कर्स, कंस्ट्रक्शन वर्कर्स को मिलेगा डीबीटी का लाभ मिलेगा। बुजुर्ग, दिव्यांग और विधवा को एकमुश्त 1000 रुपये दो किस्तों मे दी जाएगी। यह अगले तीन महीने में दिया जाएगा। यह राशि अलग से मिलेगी। उन्होंने कहा, 8.7 करोड़ किसानों के अकाउंट में अप्रैल के पहले हफ्ते में 2000 रुपये की किस्त डाल दी जाएगी, ताकि उनको तुरंत फायदा मिलना शुरू हो जाए।

### गरीबों, किसानों और मजदूरों के खाते में मिलेंगे पैसे

देश में मनरेगा योजना का लाभ 5 करोड़ परिवारों को मिलता है। मनरेगा दिहाड़ी अब 182 से बढ़ाकर 202 रुपये कर दी गई है। जनधन योजना वली करीब साढ़े 20 करोड़ महिलाओं के खाते में अगले 3 महीने तक डीबीटी के जरिए हर महीने 500 रुपये ट्रांसफर किए जाएंगे। कोरोना वायरस की चिंता से मुक्त करने के लिए सरकार के बड़े ऐलान। अन्न–धन और गैस की चिंता खत्म होगी। करीब 8.3 बीपीएल करोड़ परिवारों को उज्जवला स्कीम के तहत 3 महीनें तक फ्री एलपीजी सिलेंडर दिए जाएंगे। कोरोना वायरस से जंग के लिए मेडिकल टेस्ट, स्क्रीनिंग और अन्य जरूरतों के लिए डिस्ट्रिक्ट मिनेरल फंड का उपयोग करने की आजादी राज्य सरकारों को दी जाएगी।

## कोरोना के कारण पूरे देश में 21 दिनों का लॉकडाउन

# देश में अब तक 654 लोगों में कोरोना की पुष्टि

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारत में कोरोना वायरस तेजी से फैल रहा है और अब तक 600 से भी अधिक लोगों को संक्रमित कर चुका है। गुरुवार दोपहर तक 654 मामले सामने आ चुकी है। कोरोना वायरस की वजह से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है। दुनिया भर में अब तक 2.65 लाख से अधिक लोग कोरोना वायरस संक्रमित हो चुके हैं और 21 हजार से भी अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

भारत ने समय रहते सही कदम उठा लिए थे, जिसके चलते अभी भारत दूसरे चरण में है, वरना भारत का हाल भी इटली जैसा हो सकता था। इसी बीच भारत सरकार ने पूरे देश में लॉकडाउन कर के इस वायरस के फैलने पर तगड़ा ब्रेक लगाया है। इस सख्त फैसले का असर कोरोना वायरस पर जरूर दिखेगा।

**हर गुजरते दिन के साथ बढ़े मरीज:** 1 मार्च तक देश में सिर्फ 3 कोरोना के मामले सामने आए थे, जो केरल के थे। वो तीनों ही अब सही हो चुके हैं। भारत में कोरोना वायरस ने तेजी से फैलना शुरू किया 2 मार्च से, जब तीन नए मामले सामने आए। इनमें एक इटली से भारत लौटा दिल्ली का शख्स था, दूसरा दुबई से घर लौटा तेलंगाना का शख्स था और तीसरा एक इटली का टूरिस्ट था जो राजस्थान के जयपुर घूमने आया था। 2 मार्च से कोरोना वायरस भारत में ऐसा फैलना शुरू हुआ, जो अब तक नहीं रुका है। हर गुजरते दिन के साथ मरीज बढ़ते ही जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र में कोरोना के दो नए मामले

महाराष्ट्र में कोविड–19 से संक्रमित दो नए मामलों की पुष्टि हुई। राज्य में कुल 124 लोग संक्रमित हैं। राज्य में कोरोना के कारण कर्फ्यू का ऐलान है। लोगों के मूवमेंट पर रोक है। केवल जरूरी चीजों को ही जाने दिया जा रहा है।

**गुजरात में कोरोना के मामले बढ़े**

गुजरात में कोरोना के मामले बढ़कर 43 हो गए हैं। कोरोना के कारण राज्य में 3 लोगों की मौत भी हुई है। मरने वाले में एक 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला भी शामिल हैं।

### जम्मू–कश्मीर में कोरोना से पहली मौत

जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर के हैदरपुरा इलाके के 65 वर्षीय शख्स की गुरुवार को कोरोना वायरस से मौत हो गई। जम्मू–कश्मीर में इस संक्रमण से मौत का यह पहला मामला है। श्रीनगर के मेयर जुनैद अजीम मट्टू ने ट्वीट किया, 'कोविड–19 से पहली मौत की दुखद खबर साझा करने के साथ मेरी संवेदनाएं मृतक के परिवार के प्रति हैं। हम आपके साथ हैं और आपका दुख समझते हैं।'

# सोनिया की पीएम मोदी को चिट्ठी

लॉकडाउन का समर्थन, दिए कई सुझाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने कोरोना वायरस को लेकर पूरे देश में जारी 21 दिन के लॉकडाउन के समर्थन में पीएम नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी है। सोनिया ने इके साथ ही पीएम से डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ की सुरक्षा के लिए कदम उठाने का भी आग्रह किया है। सोनिया ने अपनी चिट्ठी में उद्योग के लिए राहत पैकेज और आम लोगों के लिए भी रिलीफ का सुझाव भी दिया है।

सोनिया ने पीएम को लिखी चिट्ठी में सप्लाई चेन को भी मजबूत करने की मांग की है। सोनिया ने पीएम को लिखी चिट्ठी में सलाह दी है कि केंद्र सरकार सभी 6 महीने के लिए रोक लगाए।

इस दौरान का ब्याज भी बैंकों द्वारा माफ करने का सुझाव दिया गया है। सोनिया ने अपने खत में पीएम से मांग की है कि लॉकडाउन के दौरान सरकारी कर्मचारियों की सैलरी से कटने वाले लोन को भी 6 महीने के लिए रोका जाए। उन्होंने मांग की है कि केंद्र सेक्टर वाइज राहत पैकेज की घोषणा करे। उन्होंने कहा, कोरोना वायरस की महामारी ने लाखों लोगों का जीवन खतरे में डाल दिया है तथा पूरे देश में खासकर समाज के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों की आजीविका एवं रोजमर्रा के जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है।

# 800 को रखा गया क्वारेंटाइन में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

सऊदी से लौटी महिला से 3 और लोग संक्रमित

नई दिल्ली। दिल्ली के केस नंबर–10 का कुछ दिन पहले भी जिक्र हुआ था, तब ये पता चला था कि एक महिला कोविड–19 के चेन रिएक्शन की वजह हो सकती है। तब पता चला था कि दिल्ली के 30 में से 5 मामले केस नंबर–10 से जुड़े हैं। अब 5 नए मामले सामने आए हैं, जिनमें से 3 तो सिर्फ केस नंबर–10 से ही जुड़े हैं। दिल्ली में कुल मामलों की संख्या 35 हो चुकी है और केस नंबर 10 में सऊदी से लौटी इस दिलशाद गार्डन की महिला समेत कुल संख्या 9 हो चुकी है।

दिल्ली की उस महिला से जिस चेन रिएक्शन का डर था, वह सामने आ रहा है। उससे लोगों में कोरोना फैलने का सिलसिला जारी है। महिला से एक डॉक्टर को भी कोरोना हुआ था और उस डॉक्टर ने सैकड़ों मरीज देखे थे। बता दें कि अब उनमें से ही करीब 800 मरीजों को क्वारेंटाइन में रखा गया है।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in